Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Regarding converting NH-351 in Gujarat into four lane road.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली): माननीय सभापति जी, आपका ध्यान केन्द्रित करते हुए बताना है कि नेशनल हाईवे NH-351 महुवा-सावरकुंडला-अमरेली-वडिया-जेतपुर जो कि 2015 में प्रधान मंत्री जी ने घोषित किया था उसका काम बहुत धीमी गति से चल रहा है। उसका अलाईमेंट फरवरी 2019 में फाइनल हुआ जिसको एनएचएआई के अनुसार ट्रैफिक कम होने की वजह से उनको फॉर लेन में तब्दील करने के लिए रिजेक्ट किया गया। उसके बाद मैंने अधीक्षक इंजीनियर के साथ मीटिंग की और उनको ये समस्या बताई तो उनकी ओर से 9, 10 और 11 नवम्बर 2021 को वापस ट्रैफिक सर्वे किया गया जिसमें अमरेली और सावरकुंडला के बीच 1200 पिसियू से ज्यादा ट्रैफिक आया था उसको देखते ये ट्रैफिक फोर लेन का मालूम पड़ता है। उससे पहले जो ट्रैफिक सर्वे करवाया था वो लॉकडाउन की वजह से कम आया था इसलिए उनको रिजेक्ट किया था। परन्तु फरवरी और मार्च 2021 की अगर रिपोर्ट देखें तो ये ट्रैफिक फोर लेन का लगता है। दूसरा, अभी हाल में जो रोड है वो 10 मीटर की ही है और अभी जो वार्षिक योजना की घोषणा हुई उसमें भी ये रोड 10 मीटर की ही बन रही है। महोदय ज्ञात है यह रोड पूरे जिले की एक मात्र रोड है जो गुजरात के पिपावाव पोर्ट को जोड़ती है और भी कई जीआईडीसी है।

अतः आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि इस रोड को नए रूप से 45 मीटर जमीन अधिग्रहण कर के फोर लेन बनाया जाए क्योंकि ये अमरेली जिला का एक मात्र नेशनल हाईवे है और इसका ट्रैफिक भी ज्यादा है। अभी जो घोषणा हुई है इसमें सिर्फ पैसा खर्च होगा ट्रैफिक का सुधार नहीं होगा। इस रोड को जनहित में और अगले समय को ध्यान में रख के बनाया जाए जिससे पैसे की बर्बादी ना हो और लोगों को सुविधा मिल सके।

माननीय सभापति: श्री रमेश बिन्द

... (व्यवधान)

माननीय सभापति: श्री एस. मुनिस्वामी

... (व्यवधान)

माननीय सभापति: श्री बिद्‌युत बरन महतो

... (व्यवधान)